संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 50 | मेरठ, मंगलवार, 07 अप्रैल 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया



# इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में मददगार होगी कंप्यूटर लैब

## मुख्यमंत्री ने किया डॉ. तेज प्रताप शाही की स्मृति में आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन

» गोरखपुर। एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में आधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। यह प्रयोगशाला पीजी कॉलेज के पूर्व शिक्षक डॉ. तेज प्रताप शाही की स्मृति में उनके परिवार की तरफ से बनवाई गई है। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कंप्यूटर लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार साबित होगी।



कार्यकम में मुख्यमंत्री ने 'बच्चा बाबू' के नाम से चर्चित रहे डॉ. तेज प्रताप शाही की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए कंप्यूटर लैब के जरिये उनके परिवार की पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रोफेसर एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शाही की स्मृतियों को नमन करने के लिए आयोजित किया गया है। उनके पुत्रों द्वारा महाविद्यालय में स्थापित यह अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस कार्य के लिए सीएम ने स्वर्गीय शाही के पुत्रों अनन्य प्रताप शाही और अतिरेक शाही को हृदय से साधुवाद दिया और डॉ. शाही की स्मृतियों को नमन करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान बच्चा बाबू की गोरक्षपीठ के प्रति अगाध निष्ठा को याद कर मुख्यमंत्री काफी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि वास्तव में व्यक्ति क्या है, हम उसके रहते हुए समझने का प्रयास नहीं करते। हम लोगों ने स्वर्गीय हरि प्रसाद शाही को नहीं देखा था, लेकिन उनके पुत्रों को और उनमें डॉ. तेज प्रताप शाही को बहुत नजदीक से कार्य करते हुए देखा है। कैसे समन्वय किया जा सकता है, कैसे संबंधों को बनाए रखा जा सकता है, यह बच्चा बाबू से सीखा जा सकता है। डॉ. शाही गोरखपुर कांग्रेस के अध्यक्ष थे। केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। एक समय राज्य व केंद्र, दोनों जगह कांग्रेस सरकार थी। पर, कांग्रेस के साथ रहते हुए भी डॉ. शाही गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त थे। गोरक्षपीठ के मूल्यों और आदर्शों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा थी। वह पूज्य महाराज ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी के साथ सदैव खड़े रहने वाले लोगों में थे। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी वह साथ रहे। डॉ. शाही का एक संस्मरण साझा करते हुए सीएम योगी का गला रुंध गया। अश्रुपूरित नेत्रों के साथ उन्होंने कहा, ‟मुझे याद है, जुलाई 2020 में एक दिन अचानक डॉ. शाही का फोन आया। समय लेकर वह अपने दोनों पुत्रों को लेकर मिलने आए। मैंने उनसे कहा, बच्चा बाबू इनके साथ आप गोरखपुर में भी मिल सकते थे। इस पर उन्होंने कहा- मुझे कुछ आभास हो रहा था, इसलिए अपने दोनों पुत्रों का आपसे परिचय कराने के लिए लाया हूं। अब आप इनके अभिभावक के रूप में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भौंचक था और लगा कि हो सकता है कि बच्चा बाबू मेरे साथ मजाक कर रहे हैं। पर, ठीक एक सप्ताह के बाद जानकारी मिली कि उनको कोरोना हो गया है। और बाद में जब उन्हें परिजन लखनऊ लेकर गए तो उनका शरीर छूट चुका था।

# भाजपा ने 'प्रश्न प्रदेश' को 'उत्तर प्रदेश' बनाया: पंकज चौधरी



» एजेंसी। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हर्षोल्लास, उत्साह और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पार्टी ध्वज का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकतार्ओं ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी तथा पार्टी की विचारधारा, संघर्ष, संगठन शक्ति और राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि आज का दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक विचार, एक संकल्प और एक राष्ट्रनिष्ठ आंदोलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी तथा लालकृष्ण आडवाणी जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। यह दिन केवल एक राजनीतिक दल के जन्म का नहीं, बल्कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से प्रेरित एक वैचारिक यात्रा के प्रारंभ का पावन अवसर है। चौधरी ने कहा कि जब देश आपातकाल की पीड़ा, लोकतंत्र पर हुए हमलों और निराशा के वातावरण से उबर रहा था, तब करोड़ों राष्ट्रभक्तों के संकल्प से भाजपा का उदय हुआ। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों, लेकिन असीमित संकल्प और समर्पण से शुरू हुई यह यात्रा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चार दशक से अधिक की यह यात्रा संघर्ष, तपस्या, त्याग और बलिदान की यात्रा रही है। यह सफलता किसी एक व्यक्ति या पद की नहीं, बल्कि लाखों-करोड़ों समर्पित कार्यकतार्ओं की अथक मेहनत, निष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिणाम है।

# अहंकार नीति बन जाए तो देश को दशकों पीछे धकेल दिया जाता है: राहुल

» एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी की कथित किल्लत तथा शहरों से मजदूरों के कथित पलायन के विषय को लेकर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जब अहंकार नीति बन जाए तो अर्थव्यवस्था चरमराती है एवं देश दशकों पीछे धकेल दिया जाता है। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने इस संकट को लेकर भी वही नीति अपनाई जो उसने कोविड संकट के समय अपनाई थी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '(प्रधानमंत्री) मोदी जी ने कहा था, एलपीजी संकट को कोविड की तरह संभालेंगे। और सच में वही किया। बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी, और बोझ गरीबों पर है।' उन्होंने कहा कि 500-800 रुपये की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी मज़दूरों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है। राहुल गांधी ने कहा, 'रात को घर लौटते मज़दूर के पास चूल्हा जलाने तक के पैसे नहीं। नतीजा यह है कि वो शहर छोड़कर गांव की ओर भाग रहे हैं।' उन्होंने कहा कि जो मज़दूर कपड़ा मिलों और कारखानों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया, 'कपड़ा क्षेत्र पहले से आईसीयू में है। विनिर्माण दम तोड़ रहा है। और यह संकट आया कहां से? कूटनीति की मेज़ पर हुई उस चूक से जिसे सरकार आज तक स्वीकार नहीं करती।'

## फ्रीहोल्ड कन्वर्जन पर रोक से बढ़ेगा बोझः देवेंद्र यादव

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा लीजहोल्ड संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में बदलने की प्रक्रिया पर अस्थायी रोक को लेकर राजनीति तेज हो गई है। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि इस फैसले से मकान खरीदने वालों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की तैयारी की जा रही है। देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के निर्देश पर 2 जनवरी 2026 से फ्रीहोल्ड कन्वर्जन प्रक्रिया रोक दी गई है। उनका आरोप है कि डीडीए अब दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित सर्कल रेट लागू कर संपत्तियों और कन्वर्जन शुल्क में भारी बढ़ोतरी की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि फ्रीहोल्ड कन्वर्जन का ऑनलाइन पोर्टल पिछले तीन महीनों से बंद है, जिससे पहले से आवेदन कर चुके लोगों के काम भी अटके हुए हैं।

# हाई-एंड ड्रग इनोवेशन में अभी भी निर्भरता, नवाचार पर फोकस करना होगा

» एजेंसी। नई दिल्ली

भारत दुनिया का एक बड़ा मेडिसिन सप्लायर जरूर है लेकिन हाई-एंड ड्रग इनोवेशन और ओरिजिनल रिसर्च के क्षेत्र में, अभी भी दूसरो पर निर्भरता दिखाई देती है। यह बात सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा, "इसलिए यह समय है, कि हम जेनरिक प्रोडक्शन से आगे बढ़कर, इनोवेशन पर केंद्रित फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें।" रक्षामंत्री सोमवार को आरआर हॉस्पिटल नई दिल्ली में आर्मी मेडिकल कॉर्प्स रेजिंग डे के अवसर पर बोल रहे थे। रक्षामंत्री ने कहा कि जब भी इस दौर में हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो उसमें केवल सीमाओं की रक्षा शामिल नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। अगर हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे बड़े ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हैं, तो उसके पीछे स्वास्थ्य सुरक्षा की एक बड़ी भूमिका होती है।



रक्षामंत्री ने कहा कि हमें नई दवाओं की खोज, क्लीनिकल रिसर्च को मजबूत करने और ग्लोबल क्वालिटी स्टैंडर्ड को अपनाने पर भी ध्यान देना होगा। एमएसएमई और स्टार्टअप को फार्मा इनोवेशन में जोड़ना, बेहतर टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना और कुशल मैनपॉवर तैयार करना भी जरूरी है। इससे न केवल घरेलू जरूरतें पूरी होंगी बल्कि भारत वैश्विक स्तर पर इन क्षेत्रों में एक लीडर के रूप में भी उभरेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब दुनिया तेजी से बदल रही है, तो डिफेंस और हेल्थकेयर, दोनों क्षेत्रों में भी हमें उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, "आज हम सब देख रहें हैं कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है, ऐसे में हेल्थकेयर में एआई आधारित सिम्युलेटर ट्रेनिंग को अपनाना, समय की आवश्यकता बन चुका है। सेना के आर आर हॉस्पिटल ने इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। यही विजन, आर आर हॉस्पिटल एक अस्पताल से कहीं अधिक, एक भरोसे का प्रतीक बनाता है।"

गौरतलब है कि सोमवार सेना के इस बेस हॉस्पिटल के नए, मॉडर्न और स्टेट ऑफ द आर्ट मेडिकल फेसिलिटी का भी निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। इसके लिए भी रक्षामंत्री ने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेस हॉस्पिटल की इस नई सुविधा से मरीजों का इलाज और बेहतर और सुविधाजनक हो सकेगा। सोमवार को ही यहां, एडवांस ऑर्थोपेडिक सेंटर, एडवांस्ड सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक एंड विजुअल साइंस और एडवांस्ड ऑन्कोलॉजी सेंटर के लिए, भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। ये तीनों सेंटर्स अपने आप में आधुनिक तकनीक और एक्सपर्ट केयर का एक सशक्त मिश्रण होगें।

## सम्पादकीय

### ट्रंप के बिगड़े बोल

अमेरिका के इतिहास में शायद ही कोई डोनाल्ड ट्रंप जैसा अधीर, अपरिपक्व बयानवीर और व्यापारी सोच का राष्ट्रपति हुआ हो। संयम व गरिमा शब्द उनके शब्दकोश में ही नहीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका-इस्राइल युद्ध के चरम के बीच उन्होंने जिन अपशब्दों का प्रयोग ईरान के लिये किया, वो उनकी हताशा को ही दर्शाता है। उनके बयानों की पूरी दुनिया के साथ अमेरिका के भीतर भी कड़ी आलोचना हुई है। आज अमेरिका के नागरिक भी सोचते होंगे कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में राष्ट्रपति को इतने निरंकुश अधिकार देना क्या प्रजातंत्र के हित में है? निश्चित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर, अपशब्दों और धार्मिक संदर्भों के साथ तेहरान को दी गई चेतावनी, ट्रंप के आवेगपूर्ण उकसावे के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। एक महाशक्ति के मुखिया द्वारा ऐसी सतही भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है बल्कि घातक परिणामों की ओर ले जाने वाला भी है। जाहिरा तौर उनकी धमकियां ईरान को बातचीत की मेज पर लाने के बजाय, उसे और आक्रामक तरीके से जवाबी कार्रवाई करने को उकसाएंगी। दरअसल,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह जताने की असफल कोशिश कर रहे हैं कि मौजूदा युद्ध मध्ययुगीन धर्मयुद्ध का विस्तार है। जिसमें सदियों तक ईसाई और मुसलमान आपस में वर्चस्व के लिये युद्ध करते रहे हैं। उन्होंने राजनीति में धार्मिक भावनाओं का भरपूर इस्तेमाल करते हुए ईरान में मार गिराए गए अमेरिकी फाइटर जहाज के पायलट के बचाव को 'ईस्टर का चमत्कार' बताने से भी गुरेज नहीं किया। जाहिर तौर पर पुनरुत्थान और आशा का प्रतीक माने जाने वाले ईसाई धर्मावलंबियों के एक पवित्र दिन का हवाला देना, सैन्य अभियान के नैतिक और दैवीय रंग देने का ही एक असफल प्रयास है। निश्चित तौर पर इस तरह की सतही बयानबाजी एक जटिल भू-राजनीतिक संघर्ष को धार्मिकता की एक सरल कहानी में बदलने का जोखिम पैदा करती है। जो ट्रंप की सैन्य अभियान की तार्किकता सिद्ध करने की विफलता को भी दर्शाती है। यही वजह है कि अमेरिकी सांसदों ने यह पता लगाने के लिये जांच की मांग की है कि क्या धार्मिक मान्यताओं का प्रयोग सैन्य कार्रवाई को सही ठहराने के लिये किया जा सकता है? निश्चित रूप से उन सांसदों की चेतावनी एक मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत पर आधारित है, वो है चर्च और राज्य का पृथक्करण का सिद्धांत। उनका तर्क है कि सैन्य निर्णय कानून, रणनीति और जवाबदेही द्वारा निर्देशित होने चाहिए, न कि ईश्वर या बाईबल की भविष्यवाणियों का हवाला देकर। निश्चित रूप से ट्रंप की इन आक्रामक ब्यानबाजियों और कारगुजारियों की कीमत आने वाले वर्षों में अमेरिकियों को चुकानी पड़ सकती है।

# स्वगणना को लेकर ग्रामीणों को करें जागरुक, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

» संवाददाता



गाजियाबाद। जनगणना-2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जनगणना प्रक्रिया से जोड़ा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों को गंभीरता से समझें और समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य की तैयारियों की समीक्षा की। यह चरण 22 मई से 20 जून तक 30 दिनों की अवधि में संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनगणना निदेशालय लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य पूरी पारदर्शिता और त्रुटिरहित ढंग से कराया जाए।

उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में प्रगणकों और सुपरवाइजरों की नियुक्ति सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही 15 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने हेतु चार्ज स्तर पर प्रशिक्षण स्थलों का चयन कर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रशिक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल प्रणाली और फील्ड कार्य की बारीकियों को विस्तार से समझाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि गाजियाबाद में पहली बार डिजिटल जनगणना आयोजित की जाएगी, जिसके लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। प्रगणकों को 50-50 के बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि प्रत्येक कर्मचारी तकनीकी प्रणाली को भली-भांति समझ सके और कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान यदि कोई विषय समझ में न आए तो तुरंत प्रश्न पूछें, क्योंकि सही जानकारी ही सफल जनगणना की कुंजी है। बैठक में जिला पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन को निर्देश दिए गए कि ग्राम सभा स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए।

लोगों को 7 मई से 21 मई तक आयोजित होने वाली स्वगणना प्रक्रिया के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे नागरिक स्वयं भी जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभा सकें और किसी प्रकार की भ्रांतियां उत्पन्न न हों। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और प्रशासनिक नीतियों का आधार बनते हैं, इसलिए यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम वित्त एवं राजस्व एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी



» संवाददाता

चांदीनगर। रटौल नगर पंचायत कार्यालय पर सोमवार को बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें कस्बे के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। नगर पंचायत चेयरमैन ने बताया कि कस्बे में चौपाल, बारात घर और लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। पथ प्रकाश और पेयजल को सुधारा जाएगा। टूटी सड़कों से भी लोगों को निजात दिलाई जाएगी।

बैठक में कस्बे के विकास को लेकर चर्चा की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में बारात घर की समस्या भी उठाई गई, जिसके बाद कस्बे में बारात घर का निर्माण कराए जाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई।

इसके अलावा रटौल में चौपालों का सौंदर्यकरण और नए चौपाल भवन बनाने पर भी चर्चा हुई। युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए लाइब्रेरी निर्माण का निर्णय लिया गया। बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में होने वाले कार्यों के बारे में बताया। जिसके बाद बोर्ड बैठक में 15 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पास किए गए। चेयरमैन हाजी मुंतजिर और ईओ आस्था पाठक ने बताया कि कस्बे को सुन्दर और समस्या रहित बनाना उनका लक्ष्य है। बैठक में 15 करोड़ के प्रस्ताव रखे गए हैं। जल्द ही कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए धरातल पर कार्य शुरू कराया जाएगा।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर फहराया पार्टी ध्वज

» संवाददाता

बुलंदशहर। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर सोमवार को गंगानगर स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी ध्वज फहराया गया। शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि यह विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना महान विचारकों के सिद्धांतों पर हुई है।

## श्री राधे कृष्णा सेवा समिति की कार्यकारिणी का गठन

» संवाददाता

बुलंदशहर। श्री राधे कृष्णा सेवा समिति की वार्षिक सभा का आयोजन रविवार रात बंधन रेस्टोरेंट में किया गया। जिसमें अध्यक्ष विभोर गुप्ता द्वारा दो वर्ष के कार्यकाल में समिति के माध्यम से की गई गतिविधियों की जानकारी दी गई। संस्थापक बिजेंद्र सिंह द्वारा समिति के द्विवार्षिक पदाधिकारियों के चुनाव का संचालन किया गया।

## भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

» संवाददाता

बुलंदशहर। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय समेत अन्य जयकारे लगाए। इस दौरान नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि आज का दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति खुद को समर्पित करने का संकल्प दिवस है।

# अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई

» संवाददाता

बागपत। अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन सख्त हो गया है। डीएम ने अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए हर स्तर पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निगरानी, तकनीक और समन्वय के जरिए इंटीग्रेटेड मॉडल लागू किया है। कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम की अध्यक्षता में राजस्व, पुलिस, खनन और परिवहन विभाग की बैठक हुई।

इसमें डीएम ने विभागों को संयुक्त अभियान की रणनीति बनाकर संवेदनशील स्थलों की पहचान करने और निगरानी व चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर रोक के लिए अब 24 7 निगरानी व्यवस्था लागू कर दी गई है। टीमें दिन-रात खनन क्षेत्र और प्रमुख मार्गों पर नजर रखेंगी। फील्ड टीम की रिपोर्ट एसडीएम तक और वहां से सीधे जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। ओवरलोडिंग रोकने के लिए परिवहन विभाग चेकिंग करने और जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। थाना स्तर पर पुलिस को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। खनन स्थलों और प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन सर्विलांस और जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए निगरानी बढ़ाई जा रही है। डिजिटल मॉनिटरिंग से अवैध गतिविधियों की तुरंत पहचान कर कार्रवाई संभव हो रही है।

हेल्पलाइन और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायतों का जल्द समाधान किया जा रहा है। जिले में 5 खनन पट्टे स्वीकृत हैं। इनमें निर्धारित सीमाओं के भीतर ही खनन की स्वीकृति है। डीएम ने टास्क फोर्स समिति को अवैध खनन और परिवहन के नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम अमरचंद वर्मा ,भावना सिंह, निकेत वर्मा व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय धर्म सभा का आयोजन

» संवाददाता

बड़ौत। नेहरू रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तीन दिवसीय धर्म सभा आयोजित की गई। जिसमें आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य ऐलक विज्ञान सागर महाराज ने प्रवचन किया। जिन्हें सुनने के लिए परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सोमवार को मुनि संसघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। बैंड बाजों के साथ के साथ बिनौली रोड से कैनाल रोड स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से होते हुए 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। मार्ग में मुनि संघ का जगह-जगह भक्तजनों ने पाद पक्षालन और आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल प्रवेश यात्रा के दौरान बच्चे, महिला, पुरुष सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। ऐलक मुनि ने अपने प्रवचन में णमोकार महामंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि इस मंत्र के जाप से आप स्वर्ग के मार्ग पर जा सकते है, और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। इसके जाप से व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं भी दूर होती है, जिससे आप अपने लक्ष्य की और बढ़ सकते हैं।मंदिर परिसर में दिन में शंका समाधान एवं सांय को गुरू भक्ति का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति पूर्वक भजन गाकर प्रभु की आराधना की। धर्म सभा का संचालन अनिल कुमार जैन ने किया। राजा श्रेयांस आहार समिति, महिला वामा मण्डल एवं पारस बाबा युवा समिति द्वारा विशेष सहयोग किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष बीरसैन जैन, महामंत्री अनिल कुमार जैन, उपाध्यक्ष सतेंद्र जैन, मंत्री पारस जैन, प्रबंधक अमित जैन विक्की, अमरीश जैन, अमित जैन, श्री ऋषभ जैन रीशू जैन, मीड़िया प्रभारी सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

# भाकियू टिकैत ने तहसील का किया घेराव

» संवाददाता

बुलंदशहर। तहसील सदर पर स्मार्ट मीटर न लगाने और बेमौसम बरसात से खराब हुई फसल व अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। किसानों ने महापंचायत कर अपनी मांग तहसील अधिकारियों के समक्ष रखीं। साथ ही अपनी मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपकर चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान अनिश्चिकालीन धरना देने को मजबूर होंगे। जिलाध्यक्ष चौधरी अरब सिंह ने बताया कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल नष्ट हो गई है। साल भर की मेहनत खराब हो गई, जिससे किसानों पर आर्थिक संकट आ गया है। ऐसे में शासन व प्रशासन को किसानों के हित के लिए कार्य करना चाहिए और खराब व नष्ट हुई फसल पर मुआवजा देना चाहिए।

उन्होंने किसानों को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन का किसानों को मुआवजा बढ़ाकर देने और तहसील में किसानों से किए जा रहे भ्रष्टाचार को भी रोकने की मांग की। उन्होंने शासन व जिला प्रशासन से स्मार्ट मीटर न लगाने, निराश्रित पशुओं से निजात दिलाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, चीनी मिलों पर बकाया गन्ना राशि का भुगतान कराने, अवैध खनन पर रोक लगाने और नकली कीटनाशक की बिक्री पर रोक लगाने समेत अन्य मांगों को उठाया। तहसील परिसर में पांच घंटे तक चली महापंचायत में विशन सिरोही, लीलू प्रधान, रिंकू, विजय कुमार, संजय सिंह, सुरेंद्र पहलवान, कुमरपाल प्रधान आदि कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# गोलियां लगने के बाद भी उन्होंने दुश्मन के बंकरों को नष्ट किया- कैप्टन योगेन्द्र

» संवाददाता

मेरठ। शास्त्री नगर स्थित बालेराम ब्रजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कारगिल युद्ध के नायक (हीरो) सूबेदार मेजर और आनरेरी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने विद्या की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।



मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा की उन्होंने बुत ही कम आयु में 18 ग्रेनेडीयर्स रेजिमेंट में अपनी सेवाएं प्रारंभ की । जब उनकी मात्र 18 वर्ष थी। उनकी पहली पोस्टिंग कश्मीर में थी। कारगिल युद्ध के दौरान 3-4 जुलाई 1999 की रात को टाइगर हिल पर कब्जा करने के लिए घातक प्लाटून का नेतृत्त्व योगेन्द्र सिंह यादव ने किया। दुश्मन की भरी गोलाबारी के बावजूद वे 100 फुट ऊँची बर्फ से ढकी चट्टान पर चढ़े गोलियां लगने के बाद भी उन्होंने दुश्मन के बंकरो को नष्ट किया।

उस युद्ध में उनके अनेक सैनिक साथी मारे गये फिर भी उन्होंने हिम्मत के बाद भी युद्ध में अदम्य साहस दिखाया। जबकि शत्रु सैनिको ने उन्होंने मृत मान लिया था। उन्हें उनकी इस असाधारण वीरता के लिए भारत का सर्वोच्च वीरता सम्मान परमवीर चक्र प्रदान किया। वह सबसे कम आयु में यह सम्मान प्राप्त करने वाले सैनिक है। कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव की कहानी में एक मानी जाती है। फ़िल्म लक्ष्य के मुख्य चरित्र करण शेरगिल की कहानी इनके शौर्यपूर्ण कारनामो से प्रेरित है और फ़िल्म LOC कारगिल में मनोज वाजपेयी ने उनकी भूमिका निभाई थी। वे कारगिल के हीरो के नाम से जाने जाते है।

उन्होंने बताया कि वह कारगिल युद्ध के लगभग 300 शहीद परिवारों से मिल चुके है। वे सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत हुए और उन्हें कैप्टन का मानद पद प्रदान किया गया। उन्होंने अपने भाषण से विध्यार्थी में नया जोश भर दिया। जब उन्होंने कारगिल युद्ध की घटना के बारे में बताया तो विद्यार्थियों की आँखों में आंसू आ गये। उनकी बात सुनकर कई विद्यार्थियों ने प्रण लिया की हम भी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव की तरह ही सेना में भर्ती होकर माँ भर्ती की रक्षा करेंगे। कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने सेना की सेवा के साथ-साथ विद्यार्थियों के साथ नैतिक मूल्यों के बारे में भी बात की। कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव से मिलकर छात्र\छात्राएं व विद्यालय स्टाफ अभिभूत हो गया।

विद्यालय के डायरेक्टर कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया की ऐसे व्यक्ति से मिलना हमारे लिए गौरव की बात है और आज हमारा विद्यालय गौरवान्वित हो गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजली अग्रवाल ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्या सीमा गोयल प्रधान डॉ. विनोद कुमार अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वामी दिपकानंद, डॉ. सुधांशु अग्रवाल, डॉ. आशीष अग्रवाल, गीता अग्रवाल, सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## गुरु साहिबान के प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन से संगत को किया निहाल



» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को केन्द्रीय सिख संस्था गु.श्री गुरु सिंह सभा थापर नगर के प्रबंधन में गुरु साहिबान के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चल रहे तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी चरनप्रीत सिंह द्वारा सोदर रहिरास साहिब के पाठ से हुई। इसके पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई प्रीतम सिंह ने गगन महि थाल रवि चंद दीपक बने तथा अखंड कीर्तनी जत्था ने आप नारायण कला धार जैसे शब्दों का मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। स्वर्ण मंदिर से विशेष रूप से पधारे कीर्तनी जत्था भाई हरविंद्र सिंह ने जन्म-मरण दोहू महि नाही, शब्दों का गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सरदार रणजीत सिंह जस्सल ने श्रद्धा भेंट अर्पित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोबिंद सिंह जी तक सभी गुरु साहिबान ने मानवता को सत्य, सेवा, सिमरन और संतसि पाही का संदेश दिया।

## पॉलीक्लिनिक का विधिवत शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र, मेरठ पर पॉलीक्लिनिक का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैंट विधायक अमित अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन किया। नव स्थापित पॉलीक्लिनिक में स्त्री रोग, बाल रोग, मनोचिकित्सा एवं नाक-कान-गला (ENT) के विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस पहल से क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर त्यागी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, मानसिक स्वास्थ्य, नाक-कान-गला एवं सामान्य रोगों के लिए परामर्श एवं आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ये सेवाएं प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित रहेंगी। साथ ही ईसीजीएचएस कार्ड धारकों की PATHKIND के द्वारा जांच की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. नीलिमा अग्रवाल, डॉ. परिधि चौधरी, डॉ. रमीज डॉ. सौरभ गोयल, एआरओ विकास चौधरी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सिंथेटिक ट्रैक की यूपीपीसीएल इंजीनियर ने की जांच

» संवाददाता

मेरठ। कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में लगभग पूर्ण हो चुके एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक का सोमवार को यूपीपीसीएल इंजीनियर ने निरीक्षण करते हुए इसे जल्द से जल्द पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैक के विभिन्न हिस्सों की जांच करने के साथ ही आउट एरिया कर्व के साथ ही वॉटर सप्लाई सिस्टम और इसके लिए बनाए गए रूम आदि को भी तैयार करने को कहा। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की इंजीनियर कविता चौहान ने 400 मीटर 8 लेन ट्रैक के फिनिशिंग वर्क का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान ट्रैक पर की गई लेन मार्किंग। लेन नंबरिंग, विभिन्न फर्राटा, मध्यम और लंबी दूरियों के लिए लगाए गए स्टार्टिंग मार्क और मेजरमेंट आदि की गहनता से जांच की। उन्होंने ट्रैक के आउटर एरिया और पवेलियन के मध्य से निकाली गई फैंसिंग को हटवाने के साथ ही वॉकिंग लेन पर डाली गई मिट्टी के समतलीकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही वॉटर सप्लाई के लिए बनाए गए पंप रूम के निर्माण और डाली गई वॉटर और इलेक्ट्रिक लाइन का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ट्रैक और उससे संबंधित सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। जहां भी कमी बेसी महसूस हो रही है उसे मौके पर ही संबंधित जिम्मेदार को बताकर दूर करने के निर्देश जारी किए गए हैं। कहा कि इसके हैंडओवर से संबंधित प्रक्रिया पर भी विभाग का फोकस है, जिससे खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए इसे समय से खोला जा सके।

## अम्बेडकर की जयंती पर शोभायात्रा निकालने का संकल्प

» संवाददाता

मेरठ। नगर में भीमराव अम्बेडकर पार्क में सोमवार को भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर समाज उत्थान समिति मवाना की बैठक हुई जिसमें आदेश वर्मा की अध्यक्षता में अम्बेडकर शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। 14 अप्रैल को मवाना नगर में निकाली जाने वाली अम्बेडकर शोभायात्रा के लिए समिति अध्यक्ष आदेश वर्मा ने बैठक में सम्मानित बुजुर्गो और युवाओं के साथ सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया और आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती निकालने का संकल्प लिया।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति चिकित्सकों ने किया जागरूक

» संवाददाता

मेरठ। मेडिकल कॉलेज में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तंबाकू से होने वाले नुकसान से बचने के लिए जागरूक किया गया।

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस की इस बार थीम A HAPPY MOUTH IS A HAPPY LIFE रखी गयी है। इसी क्रम मरीजों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु डेंटल ओपीडी में स्वास्थ्य वार्ता पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अनामिका शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मनु शर्मा ने मुख की प्रारंभिक जांच और तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. रियाज अहमद ने बच्चों में सही दंत स्वच्छता आदतों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में डॉ. तनिषा, डॉ. सानिया, डॉ. दौलत, डॉ. अक्षीत, डॉ. अजीत, श्री देवी तथा सिस्टर मुन मुन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में सभी मरीजों ने भी यह संकल्प (प्लेज) लिया कि वे अपने दंत स्वास्थ्य का नियमित रूप से ध्यान रखेंगे और मौखिक स्वच्छता की सही आदतों को अपनाएंगे। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता ने दंत रोग विभाग को शुभकामनाएँ दीं।

## युवा राष्ट्रीय लोकदल में विवेक कुमार बाफर को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

» संवाददाता

मेरठ। युवा राष्ट्रीय लोकदल में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रपति अवार्डी विवेक कुमार बाफर को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। यह नियुक्ति पत्र रवींद्र कुमार पटेल, प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विवेक कुमार बाफर लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं और युवाओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। उनकी नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। विवेक कुमार एक शिक्षित एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत युवा है जिनसे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार बाफर ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से जयंत चौधरी के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को संगठित कर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल को और मजबूत बनाना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। साथ ही, किसानों, युवाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विवेक कुमार बाफर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। बधाई प्रेषित करने वालो में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, मलूक नागर, विनय प्रधान, सांसद राजकुमार सांगवान, गुलाम मुहम्मद आदि रहे।

## समारोह में सेवानिवृत शिक्षकों को विदाई दी

» संवाददाता

मेरठ। सनराइज पब्लिक स्कूल मवाना में एक विदाई समारोह का आयोजन उर्दू टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन जनपद मेरठ ने किया। मवाना ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों से प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत होने पर पिलौना से राकेश तोमर, सनौता से मौ. साजिद, राफन से मौ. राशिद तथा जनपद सहारनपुर से सेवानिवृत्त अध्यापक फय्याज अली को शॉल पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उर्दू टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक साबिर खान रहे। अध्यक्षता सुरेश शर्मा ने और संचालन मिर्जा मिनहाज ने किया। मौ. साबिर खान, नीरज चौधरी, अनुज शर्मा, तारिक जमील, आशिक, नौशाद, नदीम रहे।

# सीएम ने मौके पर सुलझाए 11 बड़े मसले

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में लंबित मामलों की मांगी रिपोर्ट

» एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेशभर में लंबित ततीमा से संबंधित सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। वह सोमवार को लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 11 मामलों का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 04 मामलों को आगामी बैठक में सुलझाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जहां भी कोई समस्या उनके संज्ञान में आती है या कोई नागरिक सीधे शिकायत लेकर आता है,




उसका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निवारण करना होना चाहिए, ताकि शासन व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि रेजांगला चौक व शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का सुनियोजित तरीके से सौंदर्यीकरण किया जाए, ताकि ये स्थान न केवल साफ-सुथरे दिखें बल्कि शहर की सुंदरता को भी बढ़ाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि रेजांगला स्मारक का समुचित सौंदर्यीकरण, पुनर्रचना (रेडिजाइनिंग) और समग्र उन्नयन किया जाए, ताकि इसे और अधिक आकर्षक, गरिमापूर्ण एवं प्रभावशाली बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्थानों पर हरित क्षेत्र विकसित किया जाए तथा नियमित सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, जिससे आमजन को एक स्वच्छ, व्यवस्थित और आकर्षक वातावरण का अनुभव हो सके।

गांव दौलताबाद से आए एक शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उसके खेत तक जाने वाले करीब 2 करम चौड़े रास्ते पर दो बिल्डर्स द्वारा अवैध कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे उसका व अन्य ग्रामीणों का खेतों में आवागमन बाधित हो रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कब्जा हटवाकर रास्ते को मूल स्वरूप में बहाल किया जाए तथा संबंधित बिल्डर्स से दोनों ओर अतिरिक्त दो-दो फीट जगह भी खाली करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

सेक्टर-10 से आए आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्षेत्र में पुराना सीवरेज सिस्टम होने के कारण बार-बार ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



### 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं का सम्मान

» एजेंसी। पलवल

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पलवल स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को ध्वजारोहण एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ देश सेवा और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन बैसला ने ध्वजारोहण कर पार्टी के संस्थापक नेताओं को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, वह लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और निष्ठा का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया गया और उनके योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में पार्टी की विचारधारा को मजबूत करते हैं।

### प्रदेश सरकार आगजनी से पीड़ित परिवारों के साथ है मजबूती से खड़ी : गौरव गौतम

» एजेंसी। पलवल

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तत्परता और मुस्तैदी से पलवल के सेक्टर-2 स्थित धर्मनगर कॉलोनी की झुग्गी-झोपड़ियों में लगी आग पर जल्द काबू पा लिया गया। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ तथा पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल घटना की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने झुग्गी-झोपडियों में लगी आग से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम पूछी और उन्हें सांत्वना देते हुए आगजनी की घटना को बेहद दुखद बताया। मंत्री ने आगजनी के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि आगजनी में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि आगजनी से झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे परिवारों का सामान आग में जल गया। कहा कि पीड़ित परिवारों के लिए ठहरने, भोजन व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दुख की इस घड़ी में मजबूती के साथ आगजनी से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी पीड़ित को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# गिग वर्करों के लिए 'न्याय अभियान' चलाया

## गिग कर्मियों का शोषण, सामाजिक सुरक्षा का अभाव मुख्य चिंता

» एजेंसी। गुरुग्राम

देशभर में काम कर रहे गिग वर्करों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर हरियाणा युवा कांग्रेस ने आवाज बुलंद की है। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने शनिवार को गुरुग्राम में गिग कर्मियों के अधिकारों के मुद्दे उठाए। उन्होंने प्रदेश में शुरू किए जा रहे न्याय अभियान की जानकारी दी।

निशित कटारिया ने कहा कि देश के गिग कर्मियों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। मुनाफे की दौड़ में शामिल कंपनियां गिग वर्करों का शोषण कर रही हैं। केंद्र सरकार भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने में नाकाम है। गिग वर्कर दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त आय मिलती है और न ही सामाजिक सुरक्षा का कोई ठोस प्रविधान है। कटारिया ने बताया कि गिग वर्करों की प्रमुख मांगों में 10 मिनट डिलीवरी के दबाव से पूर्ण राहत, पारदर्शी और उचित पेमेंट प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा



और दुर्घटना बीमा की व्यवस्था, न्यूनतम आय तथा कंपनियों द्वारा मनमाने तरीके से आइडी ब्लाक करने की प्रथा को बंद करना शामिल है। उन्हें कानूनी दर्जा दिया जाए, ताकि उन्हें श्रमिकों के समान अधिकार और सुरक्षा मिल सके। व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट के माध्यम से युवा कांग्रेस गिग वर्करों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का काम करेगी।

अभियान के तहत विभिन्न शहरों में गिग कर्मियों से संवाद किया जाएगा और उनकी समस्याओं को सरकार और संबंधित कंपनियों तक पहुंचाया जाएगा। अगर इसके बाद भी सरकार गिग वर्करों के लिए कई कदम नहीं उठाती तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर हरियाणा की सह प्रभारी प्रियंका चंदेलिया, हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव, गुरुग्राम जिला उपाध्यक्ष मोहित तंवर, इमरत उल्लावास, विक्रम कटारिया व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शतरंज प्रतियोगिता में ईवारा-विराज विजेता

» एजेंसी। फरीदाबाद

ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई जिलास्तरीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग में पदक जीते। प्रतियोगिता में 215 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बालिका अंडर-सात आयु वर्ग में ईवारा सिंह पहले, अनायशा दूसरे और श्रुति नेगी तीसरे स्थान पर रही। इसी आयु वर्ग के बालक में विराज वीर सिंह पहले, वंश कपूर दूसरे और हर्षिव तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-नौ बालिका वर्ग में युक्ति पहले, अलीशका दूसरे और ईवारा सिंह तीसरे स्थान पर रही। अंडर-नौ बालक वर्ग में प्रनित रस्तोगी पहले, श्लोक नरूला दूसरे और रूहान रखेजा तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-11 बालिका वर्ग में सिद्धांत पहले, अभिनीत बोराह दूसरे और ईशान सैनी तीसरे स्थान पर रही। अंडर-13 बालिका वर्ग में आद्या कालरा ने पहले, तनिष्क दूसरे और अक्षरा माहेश्वरी तीसरे स्थान पर रही। अंडर-13 ओपन बालक वर्ग में सिद्धांत पहले, देव प्रताप दूसरे और जयांश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# आईटीआई में छात्रों को मिलेगा सोलर तकनीकी और एआई का ज्ञान

» एजेंसी। फरीदाबाद

जिले के एनआईटी पांच स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में नए सत्र से छात्रों को सोलर तकनीकी, एआई, फिटर और कंप्यूटर तकनीक के बारे में पढ़ने का अवसर मिलेगा। आईआईटी प्रबंधन की ओर से इन कोर्स की मांग हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय को भेज दी गई है।

संस्थान में वर्तमान में 21 ट्रेड संचालित हो रही हैं। इसमें 900 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं। संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों की सुविधाओं और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए नए कोर्स शुरू किए जाते हैं। इस वर्ष भी छात्रों की मांग के अनुसार कोर्स की मांग भेजी गई है। संस्थान प्रबंधन का कहना है कि अगले महीने कोर्स को मंजूरी मिल जाएगी। आईटीआई प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जून-जुलाई में दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

कोर्स शुरू होने से पहले छात्रों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस संबंध में निदेशालय की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। कोर्स के दौरान छात्रों को कोडिंग, डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग और डेटा विज्ञान जैसे विषयों को पढ़ने का मौका मिलेगा। आजकल अधिकतर कंपनियां एआई प्रशिक्षित युवाओं की मांग कर रही हैं। ऐसे में एआई जैसे कोर्स की पढ़ाई करने के बाद छात्रों के लिए करियर के नए विकल्प खुलेंगे।

पिछले वर्ष अधिकतर छात्रों ने एआई कोर्स की मांग की थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव भेजा गया है। संस्थान में कोर्स के संचालन के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही नई मशीनें भी लगाई जा रही हैं, ताकि छात्र अधिक से अधिक अभ्यास कर सकें।

### कुछ महिला विरोधी पार्टियां कर रहीं 'महिला आरक्षण बिल' का विरोध

» एजेंसी। पंचकुला

भाजपा के स्थापना दिवस पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी राय रखते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, महिला आरक्षण बिल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था। यह बिल 2029 तक आना था, लेकिन हमारी सरकार कुछ बदलाव कर अभी ला रही है। यह विधेयक अभी से लागू होने की उम्मीद है। हालांकि कुछ पार्टियां संशोधन अधिनियम का विरोध कर रही हैं, क्योंकि वे अपनी पार्टी में भी महिलाओं को जगह नहीं देना चाहती हैं। ये महिला विरोधी पार्टियां हैं। रेखा शर्मा ने कहा, हमारी पार्टी महिला शक्ति को आगे लाना चाहती है। सदन में महिला-पुरुष एक साथ काम करेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। महिलाएं राजनीति में आएंगी तो आधी आबादी की समस्याओं का आसानी से हल हो सकेगा। वहीं, कांग्रेस के बैठक में हिस्सा न लेने और विधेयक पर स्पष्ट बात न करने के सवाल पर रेखा शर्मा ने कहा, यह लोग हार से थक चुके हैं।

# सागर ने राज्यस्तरीय एथलेटिक्स में कांस्य जीता

» एजेंसी। फरीदाबाद

करनाल में रविवार को संपन्न हुई राज्यस्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फरीदाबाद के एथलीट सागर सैनी ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने यह पदक अंडर-20 आयुवर्ग की 400 मीटर दौड़ में हासिल किया। पदक जीतकर लौटे सागर का सोमवार को राज्य खेल परिसर में स्वागत किया गया। खेल विभाग के एथलेटिक कोच डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने सागर को बधाई दी। वह सररूपुर गांव के रहने वाले हैं और इनके पिता मनीराम एक किसान हैं। वहीं मां कविता देवी एक गृहिणी हैं। इनके माता-पिता भी काफी प्रसन्न हैं। सागर डीपीएस सेक्टर-19 में 12वीं कक्षा में पढ़ाई करते हैं। वह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद का गौरव बढ़ा चुके हैं। वह अपने परिवार में पहले खिलाड़ी हैं। इनसे पूर्व परिवार का कोई भी सदस्य खेल में नहीं रहा। सागर ने अपनी जीत का श्रेय एथलेटिक कोच डॉ. धर्मेंद्र कुमार, माता-पिता और डीपीएस प्रबंधन को दी है। जूडो छोड़ एथलेटिक अपनाईसागर ने बताया कि वह एथलेटिक्स से पूर्व जूडो का प्रशिक्षण लेते थे। जूडो एक महंगा खेल होने और खिलाड़ी का बेहतर भविष्य नहीं होने के चलते डेढ़ वर्ष पूर्व छोड़ दिया और राज्य खेल परिसर में डॉ. धर्मेंद्र कुमार के पास पहुंचे। सागर और एथलेटिक ट्रैक ऐसी दोस्ती हुई कि वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में फरीदाबाद का गौरव बढ़ाया। बता दें कि इसकी बड़ी बहन प्रिया मेडिकल की तैयारी कर रही है, जबकि छोटा भाई गांव में स्थित मॉडर्न आर्य पब्लिक स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है। सागर की उपलब्धियां-पिछले वर्ष वाराणसी में संपन्न हुई सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में रजत और 4 गुणा 100 रिले दौड़ में कांस्य पदक जीता।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह   आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844